The circumstances under which the Ordinance had to be issued in this particular case are as follows. Before that, I am really surprised that every time an Ordinance is being brought, there is a set pattern of arguments. Specially, the BJP seems to have specialised in this. Over and over again, they go on repeating the same thing. *(Interruptions)*. I can understand and appreciate that to the extent possible, we should try to avoid ordinances being issued. But if there are special reasons, I think that there is hardly any difficulty in accepting the position as it is obtaining. I am sure that hon. Members will be able to appreciate that. I do not know how Mr. Krishan Lal says that this could have waited till the Monsoon Session. I am sure that he is aware of the constitution (seventy fourth) amendment.

An according to that amendment, the Bill or the Ordinance has to be in consonance with the spirit of the Seventy-fourth Amendment and its time-frame was till 31st of May. The House was adjourned on 13th or 14th, I do not remember, but I got the proposal in the middle of May and thereafter it became a real difficulty for us that we had been writing to all the State Governments that they had better bring all these laws in consonance with the spirit of the Constitutional amendment. In the case of Central Government we ourselves are not in a position to do the same, and this extraordinary procedure had to be followed. You know how meticulous our Secretariats, both in Lok Sabha and Rajya Sabha, are. And I must also bring to the notice of the House that in spite of the Bills having been passed, more meticulous is our President who goes through very carefully, word by word, and he will never allow anything... *(interruptions)*...

THE LEADER OF OPPOSITION (SHRI SIKANDER BAKHT): I am sure, you mean it. It is not sarcastic.

SHRI S.B. CHAVAN: No, no; certainly I can never be sarcastic. So far as the personality of the President is concerned, I will be the last person to be sarcastic in this case. I am sorry if I have been misunderstood by the hon. Member. I can neither be sarcastic in the case of Speaker nor in the case of Chairman nor in the case of President. These are very high dignitaries who carefully go through all the issues and after scrutiny they take their own decisions. We may or may not agree; that is a different matter. If there had been any case for which the Ordinance

had to be promulgated and if, in spite of the House having been adjourned,—after all, these rules are meant for observing certain things which the Constitution has laid down—for any reason, say even by a lapse or for harmonising the legislation with the provisions of the Constitution, the House had to be adjourned, I do not find anything wrong. There can be no other case in which both Ordinance and prorogation would have been justified as in the case of these three which had been done and for which the special Session had to be called.

Madam, the next point made was very clear and after listening to the three speeches, I any more than satisfied that the nomination has been fully justified. The hon. Member, Mr. Krishan Lal Sharma said, "The future of Chandigarh should be decided after the Resolution on the Chandigarh Municipal Corporation is passed." One Member went to the extent of saying that if nominations are to be there, they should be only from Punjab. The fact is that such a divergence of opinion is there. Hon. Members, you will be surprised to know that when this Bill was drafted, it took me a considerable time to convince both the Chief Ministers of Punjab and Haryana that after the Constitution amendment they do not have any escape. They will have to have some kind of a legislation by which we will be able to justify, that after the Constitutional Amendment Bill, the kind of set-up which is required for the Chandigarh city; they will have to have some kind of a set-up by which we can have democratic elements as well as nominated elements for compromising so that they may not have any kind of apprehension in their mind that one section is going to be over the other. I am very surprised when some of the hon. Members went to the extent of saying that these nominated Members are going to guide all these elected Members.

**6.00 P.M.** I don't mean any disrespect to anyone. But all the nominated members will also be eminent people in their own right. Fortunately, Chandigarh has plenty of these people. There are plenty of people who are, in fact, eminent in their own right. If, by any chance, they would not like to go in for any election, can't you make use of the talent which is available there? So, I cannot commit myself that the nominated people are going to be either from Punjab or from Haryana or only from Chandigarh. But members will be nominated mostly from these areas. There should be no difficulty in having eminent people who will be able to assist. They will not guide. Even if they guide and if the elected members feel that they are being guided by them, there is no harm in having the guidance which is required. So, there need not be any kind of apprehension in the mind of anyone.

SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Why is this provision only in this Corporation? बाकी कारपोरेशन में भी होना चाहिए। इसमें ही क्यों? यह तो फिर सब में होना चाहिए।

SHRI S.B. CHAVAN: We will have to classify them after they are elected. This classification comes only after the elections take place. They are going to be nominated for their eminence, knowledge and experience which they are having. With their presence, I believe, some kind of a balance will definitely be established. So far as the future of Chandigarh is concerned, I cannot possibly say anything about it. It is because of that only a new pattern has been adopted for Chandigarh. The political future of Chandigarh is still not decided. I can assure the hon. Members that we stand by the Rajiv Gandhi-Longowal accord and try to strike the kind of balance which had been prescribed in that accord that in *lieu* of Chandigarh something has to be given to Haryana and thus find some solution to the city. In *lieu* of Chandigarh, which is going to a particular side, how many villages or what areas are to be given to Haryanan is a matter which has to be decided politically.

Madam, I think I have covered the

majaor points which the hon. Members have made.

SHRI JAGMOHAN (Nominated): I have one clarification to seek. Is it not a fact that the nominated members are going to be nominated in consultation with the Chief Minister of Haryana and the Chief Minister of Punjab so that they may also have their say in the administration of the Union Territory? The capital of both the States is located in that area.

SHRI S.B. CHAVAN: I wouldn't commit myself, but at the same time you cannot rule out that possibility either. But they are going to be nominated. If I would have consultation only with the Chief Ministers of the two States, I know ultimately what is going to be the picture of the nominated members. The very purpose of nomination is to have some kind of a balance. If the intellectuals, who otherwise would not participate in the elecions, can be nominated and if they would do some service to the city, I think this is the proper time when these people should be given an opportunity. I think these were the main points which were made by the hon. Members.

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: What about the powers of the Corporation?

SHRI S.B. CHAVAN: In fact, only three powers have been left with the administrator. All powers under the Twelfth Schedule, almost eighteen powers, are given to them. I have got the total list. Infrastructure which the hon. Member was mentioning is not correct. Infrastructure is going to be with the Corporation. Only planning and Building Regulation part of it and stadia and selected parks and a few other things are kept with the administrator because of the special feature of that city. The rest of the powers have been given to them. All the powers under the Punjab Municipal Act as amended up to 1976, barring these powers which have been kept with the administrator, are going to be given to the Corporation.

It is not correct. I am really surprised. The Commissioners are always appointed by the Government. Mr. Krishan Lal Sharma and some other Members wanted to know whether the Commissioner would be appointed by the Government or by the Administrator of that area. The Commissioner is the executive head of the administration. The candidates are selected by the UPSC. But if, for some reason or the other, the Public Service Commission is not mandatory for certain purposes, then the selection will be done by the Administrator. This kind of a practice where Class-III and Class-IV people need to be appointed by a committee, is not obtaining anywhere. This kind of power is not given to any committee. The committee has to be a policy-making body and according to the policy enunciated by a committee, it is for the Administrator or the Commissioner of the Corporation, who will be the executive head, to emplement the decision taken by the Corporation. With these words, I request Shri Krishan Lal Sharma to withdraw his Resolution. I also request the hon. Members to support this Bill.

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra): Madam, I would like to have one clarification. Mr. Minister, what is the difficulty in passing the slum improvement work to the Corporations? Is there any difficulty? The slum improvement work is done by the municipalities.

SHRI S.B. CHAVAN: This pattern has to be adopted because of the special atmosphere prevailing in that area.

श्री कृष्ण लाल शर्मा: मैं यह बात कहूंगा कि मंत्री जी ने इसको स्वीकार किया है कि वास्तव में जो इलेक्टिड लोग है, उनके अलावा वे कोई ऐसी व्यवस्था रखना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने नामिनेशन का प्रावधान किया है। मैं यह कह रहा था कि और भी इस देश में बहुत सारी कारपोरेशन्स है क्या किसी और कारपोरेशन

मैं इस तरह के प्रावधान हैं? इसके बारे मैं फिर वह धारा 71 में नियुक्तियों के बारे में साफ लिखा है कि इसमें सारी नियुक्तियां आयोग करेंगे और प्रशासक आयोग को नियुक्त करेंगे। मेरा आपसे सिर्फ यह निवेदन है, कि एक तो चंडीगढ़ को यह पाकेट एडीशन नगर निगम मत दीजिए, कारपोरेशन बहुत छोटा है और इतना बड़ा यह नगर है और उनके पास कोई दूसरी संस्था भी नहीं है, तो बिल्कुल छोटा यह बनेगा और इसको इतने कम अधिकार दे रहे हैं कि यह देने के बाद भी वास्तव में जो यह उद्देश्य है और मैंने कहा कि 74वां हमारा जो संविधान संशोधन है, उसकी भावना के अनुसार पूरा नहीं बैठता। मैं चाहता हूं कि आप इस पर आश्वासन दें और इसके आधार पर मैं अपने निरनुमोदन का प्रस्ताव वापिस कर लूंगा।

**श्री एस०बी० चव्हाण:** यह प्रेक्टिस दूसरे कारपोरेशन्स में नहीं है, मुझे मालूम है, नामिनेशन की, लेकिन मैंने अभी आपको समझाया है कि नामिनेशन के पीछे क्या भावना है हमारी। तो वह स्पष्टीकरण हमने दिया है और एप्वाइंमेंट के जितने भी अधिकार हैं वह सारी कारपोरेशन्स में, मैंने जो बात कही है वह सारे कारपोरेशन्स में एप्वाइंटमेंट कभी कमेटी के थ्रू या कारपोरेशन्स के थ्रू नहीं होते हैं, इतना मैं आपसे कह सकता हूं। तो वहां के हालात को देखते हुए मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप इसको वापिस ले लीजिए।

**उपसभापति:** आप वापिस ले रहे हैं? नहीं तो वोट हो जाएगा।

**प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा** (दिल्ली): स्ट्रेंथ कम दिख रही है हमारी, इसलिए आप कह रही हैं कि वोटिंग हो जाएगी।

**उपसभापति:** अगर नहीं भी होती तो मुझे क्या फर्क पड़ता है।

**श्री कृष्ण लाल शर्मा:** फर्क तो पड़ता है आपको। अगर माहोल दूसरा हो तो फिर फर्क पड़ता है।

**उपसभापति:** चेयर को कोई फर्क नहीं पड़ता है।

**श्री सतीश अग्रवाल** (राजस्थान): मैडम डिप्टी चेयरमैन, इस सैशन में हुआ क्या है? इंट्रोडक्शन के लिए सैशन बुलाया गया था और विदड्राअल ही विदड्राअल हो रहे हैं।

**श्री कृष्ण लाल शर्मा:** मैंने इसलिए यह निवेदन किया, उन्होंने सिद्धांत माना भी है, इसलिए मैं अपना यह निरनुमोदन का प्रस्ताव वापिस लेता हूं।

*The Resolution was, by leave, withdrawn.*

THE DEPUTY CHAIRMAN: These withdrawals are only of the Bills, Motions and Resolutions and not of the brown sugar.

The question is:

> "That the Bill to provide for the extension of the Punjab Municipal Corporation Act, 1976, to the Union Territory of Chandigarh, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up clause-by-clause consideration of the Bill.

*Clauses 2 to 5 were added to the Bill.*

THE SCHEDULE

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: Madam, I move:

1. "That at page 6, lines 21 to 25 be *deleted.*"

2. "That at page 6, lines 28 *for* the word "twenty" the word "thirty" be *substituted.*"

*The questions were proposed.*

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** धन्यवाद उपसभापति महोदया, मैंने इस विधेयक में दो संशोधन प्रस्तुत किए हैं। मेरा पहला संशोधन है कि पृष्ठ-6 पर अंकित संख्या 21 से संख्या 25 तक की पंक्तियां हटा दी जाएं। जैसा मैंने कहा कि यह मूल बिल में धारा-4 की उपधारा-3 की उपधारा-2 में लिखी गई हैं यह पंक्तियां। इन पंक्तियों में 9 सदस्यों के मनोनयन का प्रावधान है। मैं उन पंक्तियों को पढ़े देती हूं:

> "Nine members with voting rights to be nominted by the Administrator, from amongst the persons who are eminent or distinguished in public affairs or those who have special knowledge or practical experience in respect of municipal administration."

उपसभापति महोदया, मेरा यह आरोप है कि इस विधेयक के माध्यम से जो लोकतांत्रिक ढांचा चंडीगढ़ के लोगों को सरकार दे रही है वह एक हाथ से देकर इन

शक्तियों के माध्यम से दूसरे हाथ से छिनने की बात कर रही है। मैं गृह मंत्री जी से यह पूछना चाहूंगी कि दो-तीन बार उनसे यह सवाल पूछा गया, उन्होंने जो भी जवाब दिया उससे हम कंविंस नहीं हुए हैं। मेरा सीधा सा प्रश्न है कि इन 9 सदस्यों के मनोनयन का औचित्य क्या है? क्योंकि मैं आपकी जानकारी में एक चीज लाना चाहती हूं कि यह विधेयक चंडीगढ़ के लिए नया नहीं बना है। पंजाब नगर निगम विधेयक जो पंजाब की नगरपालिकाओं पर पहले से लागू है, केवल उसका विस्तारण करके, उसके क्षेत्र को विस्तृत करके चंडीगढ़ पर लागू कर दिया गया है। तो जो मूल बिल है पंजाब म्यूनिस्पल कार्पोरेशन लॉ, उसमें मनोनयन का कहीं कोई प्रावधान नहीं है और मैं यह भी आपकी जानकारी के लिए बतादूं कि वह जो मूल एक्ट है उसके तहत लुधियाना और जालंधर जैसे तीन बड़े नगर निगम कार्य कर रहे हैं और बिना सदस्यों को मनोनीत किए वहां काम बहुत सुचारू रूप से चल रहा है, तो चंडीगढ़ के लिए यह नई प्रथा क्यों डाली जा रही है? चंडीगढ़ के लिए यह नई धारा क्यों जोड़ी गई है? मैं पूछना चाहती हूं गृह मंत्री जी से कि क्या चंडीगढ़ के लोगों के द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों पर आपको विश्वास नहीं है? क्या चंडीगढ़ के लोग अपने तौर पर प्रशासन चलाने में असक्षम हैं? आखिर यह क्यों 9 सदस्यों का मनोनयन चंडीगढ़ नगर निगम के लिए किया जा रहा है? मेरी दूसरी बात यह है कि यह जो 9 सदस्य मनोनीत होंगे, उनको बिल्कुल निर्वाचित सदस्यों के बराबर अधिकार दिए गए हैं। मेयर चुनने के समय भी यह सदस्य वोट डालने के अधिकारी हैं और मैं आपको एक सिनेरियो बताती हूं। यहां महिलाओं के बारे में भाई विनोद शर्मा ने एक सिनेरियो प्रस्तुत किया था। लेकिन मैं आपको एक सिनेरियो बताती हूं जिसके चलते इन 9 सदस्यों का मनोनयन करके किसी भी बहुमत वाली निर्वाचित पार्टी को हार में बदला जा सकता है।

किसी भी बहुमत वाली निर्वाचित पार्टी को अल्पमत में किया जा सकता है। इन्होंने 20 सदस्यों की बात की है। मान लीजिए आप 20 सदस्यों की निर्वाचित संख्या रखते हैं और 20 सदस्य चुनकर आते हैं। एक पार्टी जो सत्ता में है वह 7 लोग चुनकर लाती है और एक पार्टी जो आज विपक्ष में है, वह 13 लोग चुनकर लाती है। तो यह 13 और 7 का सिनेरियो बनता है चुने हुए लोगों से लेकिन चूंकि मनोनयन का अधिकार है और जिस तरह की प्रथाएं चल रही हैं और जिस तरह का आज सत्ताधारी लोगों का रवैया है, वह 9 लोगों का मनोनयन करते हैं अपनी मर्जी से। मेयर का चुनाव होता है तब यह 9 और 7 की संख्या मिलकर 16 हो जाएगी और वे 13 लोग जो जनता द्वारा चुनकर आए थे, वे अल्पमत में हो जाएंगे और 16 लोगों के बल पर सत्ताधारी दल के लोग अपना मेयर बनाकर ले जाएंगे।

मैं जब यह सिनेरियो आपके सामने रख रही हूं तो पूछना चाहती हूं कि बताइए यह अलोकतांत्रिक ढांचा नहीं तो और क्या है? यह एक हाथ से लोकतांत्रिक ढांचा देकर दूसरे हाथ से वापस लेने की बात नहीं है तो क्या है? इन 9 सदस्यों के बल पर आप नगर निगम चलाएंगे, बहुमत को अल्पमत में करेंगे, चुने हुए लोगों की जीत को हार में बदलने का काम करेंगे। इसलिए मेरा आपसे कहना है कि यह जो प्रावधान है, यह बहुत अलोकतांत्रिक प्रावधान है और इस धारा का विरोध सत्ताधारी दल के लोगों ने भी किया है हालांकि उनके कारण दूसरे रहे हैं। विनोद जी ने इस आधार पर किया कि यह चंडीगढ़ के लोगों के प्रशासन चलाने पर टिप्पणी नहीं है तो क्या है? क्या इससे हम चंडीगढ़ के लोगों की नालायकी साबित नहीं कर रहे हैं? सिंगला जी ने इस आधार पर विरोध किया कि सदस्यों का मनोनयन कहां से होना चाहिए। वह चाहते हैं कि पंजाब से हो। उधर जगमोहन जी कहते हैं कि आप पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों से पूछने का काम करेंगे अथवा नहीं? सिंगला जी तो चाह रहे हैं कि लोग पंजाब से आएं और उधर जगमोहन जी पंजाब और हरियाणा से लाने की बात कर रहे हैं। इस पर आपने गृह मंत्री का जवाब सुना होगा कि अगर मैं मुख्यमंत्रियों से पूछूंगा तो उस नगर निगम का क्या चरित्र बनेगा, यह मैं अच्छी तरह से समझ सकता हूं। उनकी बात को समझने वाले समझ गए हैं, जो न समझे वो अनाड़ी है।

मैं आपसे कहना चाहती हूं कि मेरे दोनों भाई जो उस तरफ बैठे हुए हैं, चूंकि वे ट्रेजरी बेचेंज में हैं इसलिए उन्होंने अमेंडमेंट पेश नहीं किया लेकिन वह अपने लोगों को कह सकते हैं कि हमने आपकी बात रखी जरूर थी लेकिन और कोई मौका नहीं था कुछ करने का। मेरा यह संशोधन आपके लिए मौका उपस्थित कर रहा है। मैं संशोधन वापस नहीं लूंगी चाहे गृह मंत्री कितना भी कहें। मैं संशोधन वापस नहीं लूंगी। इस संशोधन पर वोट होगा और अगर आपने चंडीगढ़ के प्रतिनिधियों की बात सच्चे मन से उनका प्रतिनिधि होने के नाते से रखी है तो मैं आपसे गुजारिश करूंगी कि जिस समय इस संशोधन पर वोट हो तो वे तमाम लोग जो डेमोक्रेसी के लिए प्रतिबद्ध हैं और वे तमाम लोग जो हिंदुस्तान के अंदर लोकतांत्रिक नगर निगम ढांचा चाहते हैं, वे लोग और खास तौर पर मेरे ये दोनों साथी जिन्होंने खुलकर

विरोध किया है इस प्रावधान का, वे सब लोग इस धारा के विरोध में वोट करें और यह धारा इस बिल से निकलनी चाहिए वरना चंडीगढ़ के लोग आपको कभी क्षमा नहीं करेंगे। आप यह धारा डालकर उनके साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रहे हैं और एक अलोकतांत्रिक काम कर रहे हैं। इसलिए मैं चाहूंगी कि बिल पर जब आप वोट डालें तो मेरे तमाम साथी इस धारा के खिलाफ वोट डालें।

**श्री जगमोहन:** मैं यहां क्लैरिफाई कर दूं कि मैंने यह पूछा था कि आपकी इंटेंशन क्या है, क्या आप पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों से पूछेंगे? मैंने अपनी बात नहीं कही थी।

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** उन्होंने बता दिया, आप तो समझ गए होंगे, आप तो अनाड़ियों में नहीं हैं। दूसरा मेरा संशोधन है, पंक्ति 28 में मैंने कहा है कि जहां आपने शब्द "20" लिखा है वहां पर इसकी जगह आप "30" कर दीजिए। इसके लिए मेरे पास ठोस तर्क है। महोदया, पहली बात तो मैं यह कहना चाहूंगी कि यह जो इन्होंने "20" शब्द लिखा है, इसमें एक घुंडी रखी है। मेरे पास दोनों ऐक्ट हैं जो पहले इंट्रोड्यूस हुआ था लोकसभा में और जिस रूप में वह पास हुआ। जिस रूप में वह इंट्रोड्यूस हुआ था उसमें धारा 4 की उपधारा 3 की उपधारा 1 में लिखा था कि—

"(3) The Corporation shall be composed of the following members, namely:—

(i) Ten members to be directly elected, representing wards;...."

उसके नीचे जहां मेरा संशोधन है उसमें भी लिखा था—

> "In the first proviso, for "forty and more than fifty", substitute "ten";

ये दोनों चीजें तर्कसंगत थीं। इन्होंने कहा था 10 लोग रखेंगे। जहां पंजाब लॉ में था 40 नॉट मोर दैन 50। अब जो बिल पारित हो कर आया है इस में उन्होंने नीचे बदल दिया—

> "In the first proviso, for "forty and more than fifty", substitute "twenty";

10 की जगह 20 कर दिया लेकिन ऊपर जहां लिखा था—

> "The Corporation shall be composed of the following members, namely:—"

वहां कुछ नहीं लिखा, वहां पर 20 नहीं लिखा। सिर्फ लिखा है मैंबर्स टु बी डाइरेक्टली इलेक्टेड। यह उनकी बदनियती को झलकाता है। अगर जैसे ऊपर लिखा था उसी तरह स्पैसिफाइ कर देते, ऊपर भी 20 और नीचे भी 20 तो ठीक था। इसमें लिखा है मैंबर्स टु बी डाइरेक्टली इलेक्टेड। इसका मतलब ये संख्या तय करेंगे कि उसकी अधिकतम सीमा तो तय कर दी कि 20 से ज्यादा नहीं होगी, लेकिन 10 होगी, 12 होगी, 15 होगी, यह गुंजायश रहेगी।

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा:** 5 भी हो सकती है।..

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** 5 तो नहीं होगी, पहले 10 थी उससे कम क्यों करेंगे। लेकिन वह 20 से ज्यादा नहीं होगी। अगर इनकी नीयत पूरे तौर पर 20 रखने की थी तो कम से कम जो बिल पहले आया था जहां 10-10 शब्द लिखे थे उनकी जगह 20-20 कर देते। जहां नीचे 20 कर दिया लेकिन ऊपर नहीं किया। इसलिए मैं कहना चाहती हूं कि इस शब्द को स्पैसिफाइ कीजिए कि 20 की जगह इस को 30 किया जाए क्यों किया जाए इसको मैं बताना चाहती हूं।

इस समय चंडीगढ़ की जनसंख्या 1991 के सेंसस के अनुसार 6 लाख, 61615 थी। लेकिन वहां पर 47 सैक्टर हैं, 9 सैक्टर और डेवलप हो रहे हैं। 22 लेबर कालोनीज हैं। मैं ऐसा मानती हूं कि 20 हजार की जनसंख्या के ऊपर सीमित अधिकार वाले जन प्रतिनिधि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकते। उन को गली, कूचों, की सफाई, नाली, ट्यूब लाइट भी टूट जाए तो लोग कहते हैं इसे ठीक करवा दो, सब कुछ उन को करना पड़ता है। इसलिए बड़े क्षेत्र होंगे तो वह ये काम नहीं कर सकेंगे। कहीं पानी नहीं है तो पानी का टैंकर भेज दो। तो ग्रासरूट लेवल से वह जुड़ा हुआ जनसेवक बड़ा क्षेत्र होने पर प्रभावी रूप से काम नहीं कर सकेगा। तो यदि हम चाहते हैं कि वह जनसेवक प्रभावी रूप से काम कर सके, जो हमें क्षेत्र छोटा रखना होगा। चूंकि आज तक वहां कोई किसी तरह की चुनी हुई संस्था नहीं है, वहां एम.एल.ए. भी नहीं है, वहां एम.पी. को सारा काम करना पड़ता है और अब एम.पी. बहुत ज्यादा बिजी रहते हैं, स्टेंडिंग कमेटी बनाने के बाद

और भी ज्यादा बिर्जी रहते है, तो सब काम जन सेवकों को करना पड़ेगा। इसलिए मेरा सुझाव यह है कि अगर चंडीगढ़ के चुने हुए निगम पार्षदों को प्रभावी ढंग से काम करने देना है तो वहां कम से कम 30 प्रतिनिधि चुनकर जरूर जाएं। इसलिए मैं चाहूंगी कि इस को 30 कर दिया जाए और जो 9 मनोनीत सदस्य हैं वह हटा दें। 30 लोगों का नगर निगम होगा तो वह प्रभावी रूप से काम कर सकेगी और जनता की समस्याओं का हल कर सकेगा, उनकी भावनाओं को समझकर काम कर सकेगा। इस लिए इसी भावना के साथ मैंने अपने दोनों संशोधन प्रस्तुत किए हैं। मैं चाहूंगी कि इनको स्वीकार किया जाए।

SHRI S.B. CHAVAN: I don't think I need to give any kind of explanation on what the hon. Member has said. Since she has said that she is not amenable to any kind of logic, that she is not going to listen to anything, that she is going to press this motion for the vote of the House, and if that be the position, I don't think that it is necessary for me to explain and try to convince her. There are a large number of...

**श्रीमती सुषमा स्वराजः** मुझे लगा कि आप स्वीकार नहीं करेंगे इसलिए मैंने कहा। आप मेरे इन अमेंडमेंट को स्वीकार करने को तैयार हैं तो मैं.... (व्यवधान)

SHRI S.B. CHAVAN: I think, there can be nothing more distorting than what she has said just now. Whatever provisions, with the best of intentions, have been made, with the kind of distortion that you are quite capable of, you can do the same thing in a very harmful manner and that is also borne out by the kind of argument you have put forth. It is borne out by the kind of argument you have put forth. I can only assure you that while nominating the members it is not the intention of the Government to convert the majority into a minority. That is the only thing which I can say. And there is not reason why the Government should try to do this kind of a thing. I am sure the hon. Member will be convinced that when I increased the number from 10 to 20, the nominated members could also have been proportionately increased. But we did not do that because of the fact that 20 members had to be provided for special reasons. There were certain difficulties which the hon. Members in the Lower House brought to my notice, that we will be able to provide the minimum kind of thing that is required for running the Corporation in a good manner, and that is why I had to accept that kind of an amendment. But now to say that we have accepted it merely because we would like to convert the majority into a minority, is far from the truth and it is a most uncharitable interpretation.

That is the only thing I can say. I don't think I need to say anything more.

**श्री सिकन्दर बख्तः** सदर साहिबा, मेरी गुजारिश है कि जिस-जिस इदारे में, इंस्टीट्यूशन में नामिनेटेड मेम्बर रखे जाते हैं उन नामिनेटेड मेम्बर्स का जनरली इलेक्टेड मैम्बर्स के साथ तनासुब क्या होता है, क्या प्रोपोर्शन होता है? यह एक्स्ट्रा आर्डिनरी प्रोपोर्शन का नामिनेशन क्या है? ठीक है नामिनेशन का लफ्ज बड़ा वेग है। मैं कोई इल्जाम नहीं लगाना चाहता, इस किस्म के नामिनेशन का इजहार करके क्या-क्या हुआ है? लेकिन कहना चाहता हूं कोई रेशनल नामिनेशन का होता है या नहीं होता है? क्या तनासुब है चुने हुए लोगों का और नामिनेटेड लोगों का? यह मोस्ट एक्स्ट्रा आर्डिनरी सिच्युएशन चंडीगढ़ के म्यूनिसिपल इलेक्शन में क्यों रखी जा रही है।

شری سکندر بخت : صدر صاحبہ میری گذارش ہے کہ جس جس ادارہ میں انسٹی ٹیوشن میں نامینیٹڈ ممبر رکھے جاتے ہیں ان نامینیٹڈ ممبرس کا جنرلی ایلیکٹیڈ ممبرس کے ساتھ تناسب کیا ہوتا ہے کیا بروپورشن ہوتا ہے یہ ایکسٹرا آرڈینری پروپورشن کا نامینیشن کیا ہے۔ ٹھیک ہے نامینیشن کا لفظ بڑا ویگ ہے۔ میں کوئی الزام نہیں لگانا چاہتا اس قسم کے نامینیشن کا اظہار کر کے کیا کیا ہوا ہے۔ لیکن کہنا چاہتا ہوں کوئی ریشنل نامینیشن کا ہوتا ہے یا نہیں ہوتا ہے۔ کیا تناسب ہے چنے ہوئے لوگوں کا اور نامینیٹڈ لوگوں کا۔ یہ موسٹ ایکسٹرا آرڈینری سیچوایشن چنڈی گڑھ کے میونسپل الیکشن میں کیوں رکھی جا رہی ہے۔

"| | Transliteration in Arabic Script.

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** (उत्तर प्रदेश): नामिनेटेड मेम्बर को नार्मली वोटिंग राइट नहीं होता है। क्योंकि आपने स्पेसिफिकली इसमें रखा है कि वोटिंग राइट है, यह इंटेन्शन स्पष्ट करता है। वरना नामिनेटेड मेम्बर सामान्यतः कहीं पर वोटिंग राइट नहीं रखता है। आपने स्पेसिफिक कहा है कि वोटिंग राइट होगा दैट शोस द इंटेन्शन।

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** इंटेन्शन उनकी देखी जाती है जिनका पास्ट रिकार्ड ...**(व्यवधान)**

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now I will put to vote the amendments moved by Shrimati Sushma Swaraj. The question is:

(1) "That at page 6, lines 21 to 25 be *deleted.*"

*The motion was negatived.*

THE DEPUTY CHAIRMAN: The question is:

(2) "That at page 6, line 28 *for* the word "twenty" the word "thirty" be *substituted.*"

*The motion was negatived.*

THE DEPUTY CHAIRMAN: I shall now put the Schedule to vote. The question is:

"That the Schedule stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*ic The Schedule was added to the Bill. Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI S.B. CHAVAN: Madam, I beg to move:

"That the Bill be passed."

*The question was put and the motion was adopted.*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now we will take—up I think this is the last item of business—the Statutory Resolution and the New Delhi Municipal Council Bill, 1994.

---

## I. STATUTORY RESOLUTION SEEKING DISAPPROVAL OF THE NEW DELHI MUNICIPAL COUNCIL ORDINANCE, 1994 (NO. 8 OF 1994) PROMULGATED BY THE PRESIDENT ON THE 25TH MAY, 1994.

## II. THE NEW DELHI MUNICIPAL COUNCIL BILL, 1994.

**प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा** (दिल्ली): महोदया, मैं निम्नलिखित संकल्प उपस्थित करता हूं:

"यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 25 मई, 1994 को प्रख्यापित नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद आदेश, 1994 (1994 का संख्यांक 8) का निरनुमोदन करती है।"

महोदया, सबसे पहले मुझे यह बात कहनी है कि गृह मंत्री ने जिस तरीके से आर्डिनेंस लाने का समर्थन किया और भारतीय जनता पार्टी पर जो हम, आर्डिनेंसेज का विरोध करते हैं हम पर कैजुअल और कम्टैम्प्चुअस रिमार्क किया वह निन्दनीय है। होम मिनिस्टर को चाहिये तो यह था कि वह माफी मांगकर यहां पर आते। अच्छा तो यह था कि वे शर्मसार होकर इस आर्डिनेंस को यहां पर पेश करते। उन्होंने कहा कि भारत जनता पार्टी आमतौर पर हर आर्डिनेंस का विरोध करती है और रटी-रटायी चीजें कह रहे हैं। मुझे मालूम है कि यह आर्डिनेंस अगले मानसून सेशन में कहीं आ सकता था, मुझे मालूम है कि 31 मई को टाइम खत्म हो रहा था और जो कांस्टिट्यूशनल प्राविजन्स हैं, उसके अनुसार 31 मई के बाद यह आर्डिनेंस नहीं ला सकते थे।

[श्री वी० नारायणसामी पीठासीन हुए]

मैं यह बात स्वीकार करता हूं कि आर्डिनेंस लाने के लिये कांस्टिट्यूशनल प्राविजन के आधार पर यह बहुत जरूरी था। परन्तु मैं गृह मंत्री से पूछना चाहता हूं कान्स्टीट्यूशन बिल जो लाये थे वह 1 जून 1993 को आया था। 1 जून 1993 से 31 मई, 1994, तक वह क्या करते रहें संविधान में एक साल का समय दिया गया था कि एक साल के अंदर सारे राज्यों के बिलों को कांस्टिट्यूशन के मुताबिक कर दिया जाय। एक साल तक आप कहां रहे? इस बीच में चार सेशन हुए। जून 1993 से लेकर मई 1994 तक चार सेशन हुए। आपकी क्या मजबूरी थी? मैं जानता हूं कि आर्डिनेन्स आप नहीं ला सकते थे बिना हाउस को प्रौरोग किये हुए। लेकिन उसके पहले पिछले वर्ष विंटर सेशन हुआ, मानसून सेशन हुआ, उनके अंदर आप कुंभकर्णी नींद क्यों सोए रहे? आपने यह कहा कि आर्डिनेंस लाने की व्यवस्था धारा 123 में है। मैं जानता हूं कि 123 में आपको पावर है, उसके मुताबिक आप यहां पर यह बिल ला सकते हैं, आर्डिनेंस ला सकते हैं। उपसभापति महोदय, लेकिन ये